10 उम्मीद

CA 06

पाठ 10 उम्मीद

(12)

* श्रुतलेखन शब्द

सदस्य रोशनी कर्नल सैनिक

भारतीय दुश्मन साहस बंदूके

चक्र देश-रक्षा हथियार फ़ौज

* शब्दार्थ — पुस्तक से कॉपी में छात्र स्वयं लिखेंगे ।

पाठ - 10 CA·06

बोलिए

1. **पढ़िए**

उ. छात्र स्वयं करें।

2. **बताइए** (book)

क. दादी जी ने रोशनी को कमरे में क्यों भेज दिया?

उ. रोशनी अपने पापा मेजर बलराज के लापता होने की खबर सुनकर परेशान न हो जाए इसलिए दादा जी ने उसे क मों भेज दिया।

ख. सेना के कमांडर ने किसे और क्या हुक्म दिया?

उ. सेना के कमांडर ने मेजर धनसिंह थापा को आठवीं गोरखा रायफल की प्रथम बटालियन के जवानों को लेकर लद्द के मोर्चे पर जाने का हुक्म दिया।

ग. अंत में मेजर थापा ने क्या ऐलान किया?

उ. अंत में मेजर थापा ने ऐलान किया—एक गोली, एक सैनिक, एक दुश्मन।

घ. पदमुक्त होने के बाद मेजर थापा ने क्या किया?

उ. पदमुक्त होने के बाद मेजर थापा ने सहारा एयरलांइस के निदेशक का पद-भार सँभाला।

ङ. दादा जी ने मेजर थापा की कहानी ही क्यों सुनाई होगी?

उ. मेजर थापा एक वीर सैनिक थे। वीरों की कहानी से साहस और आत्मबल बढ़ता है, इसलिए दादा जी ने मेजर थापा की कहानी सुनाई होगी।

3. सोचिए / मूल्यपरक प्रश्न

✧ सैनिकों के प्रति हमारे क्या कर्तव्य होने चाहिए?

उ. सैनिक देश की सीमा पर दिन-रात पहरा देते हैं। वे शत्रु से हमारी रक्षा करते हैं, इसलिए सैनिकों के प्रति हमारे मन में सम्मान का भाव होना चाहिए। हमें उनके परिवार को भी पूरा सम्मान देना चाहिए। सैनिक और उनके परिवारों को समाज तथा सरकार के द्वारा विशेष सुविधाएँ दी जानी चाहिए। (उदाहरण के अनुसार छात्र अपने-अपने विचार रखें।)

लिखिए book.

1. **सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए—**

क. दादा जी ने रोशनी को किसकी कहानी सुनाई? ✓ मेजर धनसिंह थापा की

ख. मेजर धनसिंह थापा ने कौन-सा युद्ध लड़ा? ✓ 1962 का

2. **पाठ के आधार पर अधूरे वाक्यों को पूरा कीजिए—**

क. हमेशा की तरह रात के खाने के बाद पूरा ···परिवार··· समाचार देखने बैठा।

ख. मैं तुम्हें हमारे वीर सैनिक मेजर ···धनसिंह थापा··· की कहानी सुनाता हूँ।

ग. मेजर थापा बहुत ही मितभाषी और ···मेहनती··· अधिकारी थे।

घ. उन्हें बहादुरी के लिए ···परमवीर चक्र··· का सम्मान मिला।

3. **कुछ शब्दों में उत्तर लिखिए—** (Notebook.)

क. रोशनी क्यों खुश थी?

उ. ···रोशनी के पापा मेजर बलराज छुट्टियों में घर आनेवाले थे इसलिए वह खुश थी।···

ख. मेजर धनसिंह थापा का जन्म कब हुआ था?

उ. ···मेजर धनसिंह थापा का जन्म 10 अप्रैल 1928 को हुआ था।···

ग. भारत पर किस देश ने और कब आक्रमण किया?

उ. ···चीन ने 20 अक्तूबर, 1962 को भारत पर आक्रमण किया।···

घ. मेजर थापा ने क्या ऐलान किया?

उ. ···मेजर थापा ने ऐलान किया—एक गोली, एक सैनिक, एक दुश्मन।···

4. **कुछ वाक्यों में उत्तर लिखिए—** (Notebook)

क. दादा जी ने रोशनी को भारतीय सैनिकों के बारे में क्या बताया?

उ. दादा जी ने रोशनी को भारतीय सैनिकों के बारे में बताया कि वे हमारे देश की आन-बान-शान होते हैं। वे देश की रक्षा के लिए अपनी जान तक न्योछावर कर देते हैं।

ख. मेजर थापा के बारे में अपने शब्दों में लिखिए।

उ. मेजर थापा एक वीर सैनिक थे। वे मितभाषी और मेहनती अधिकारी थे। उन्हें बहादुरी के परमवीर चक्र का सम्मान दिया गया।

ग. सेना के कमांडर ने मेजर थापा को क्या हुक्म दिया?

उ. सेना के कमांडर ने मेजर थापा को आठवीं गोरखा रायफल्स की प्रथम बटालियन के जवानों को लेकर लद्दाख मोर्चे पर जाने का हुक्म दिया।

घ. मेजर थापा को युद्ध के दौरान और युद्ध के बाद किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा?

उ. युद्ध के दौरान मेजर थापा के पास गोला-बारूद और जवान कम थे। वे घायल होने के बाद भी लड़ते रहे। युद्ध के बाद उन्हें बंदी बना लिया गया। दुश्मन ने उन्हें तरह-तरह के कष्ट दिए।

5. आशय स्पष्ट कीजिए—

हिमालय गोरखाओं के विश्वास का महान पर्वत है।

उ. गोरखा बहुत मेहनती और बहादुर होते हैं। हिमालय उसके लिए सम्मान का प्रतीक है। गोरखा स्वयं को हिमालय की तरह दृढ़ प्रतिज्ञ मानते हैं। उनका विश्वास है कि जिस तरह हिमालय हमारे देश की रक्षा करता है ठीक उसी तरह वह भी सीमा पर रहकर अपने देश की रक्षा कर सकता है। इसलिए कहा गया है कि हिमालय गोरखाओं के विश्वास का महान पर्वत है।

समझिए व्याकरण संबोध

1. चित्र देखकर उपयुक्त विलोम लिखिए—

..मित्रता..

..शत्रुता..

..बाढ़..

..सूखा..

..काला..

..सफ़ेद..

..पराधीन..

..स्वाधीन..

2. उपयुक्त शब्द से वाक्य पूरे कीजिए—

क. सब अवाक थे। दादी जी ने रोशनी को ....कमरे.... में भेज दिया। (कमरा / कमरे)

ख. हमला छह बजे शुरू हुआ और ढाई ...घंटे... तक चलता रहा। (घंटा / घंटे)

ग. मेजर थापा को काबू में करने के लिए चीनी ...सैनिकों... को एड़ी-चोटी का ज़ोर लगाना पड़ा। (सैनिक / सैनिकों)

घ. भारतीय ...सैनिक... हमारे देश की आन-बान-शान हैं। (सैनिक / सैनिकों)

3. नीचे दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए—

क. पैरों तले ज़मीन खिसकना — ....बहुत भारी विपत्ति आना......................

.....बेटे की दुर्घटना का समाचार सुनकर माँ के पैरों तले ज़मीन खिसक गई।.................

ख. जान न्योछावर करना — ...मर जाना...

...सैनिक ने देश की रक्षा के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी।...

ग. एड़ी-चोटी का ज़ोर लगाना — ...कठिन परिश्रम करना...

...रोहित को परीक्षा में सफल होने के लिए एड़ी-चोटी का ज़ोर लगाना पड़ेगा।...